MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -12 मंदसौर, 10 सितम्बर 2025 बुधवार से 16 सितम्बर 2025 तक पृष्ठ -4 किमत 2 रू.

### गरोठ के लालपुरा गांव में शमशान घाट नहीं

## बारिश में लगाना पड़ता है तंबू,खेत किनारे होता है अंतिम संस्कार

गरोठ। मध्य प्रदेश के गरोठ जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंजारी के लालपुरा गांव में आजादी के 75 वर्षों बाद भी शमशान घाट नहीं है। इससे ग्रामीणों को बरसात के मौसम में अंतिम संस्कार के लिए विशेष व्यवस्था करनी पड़ती है।



तीन दिन पहले गांव निवासी जगदीश मैहर की मां का निधन हुआ। बारिश के कारण उनका अंतिम संस्कार खेत की मेड़ पर करना पड़ा। ग्रामीणों ने बांस की लकड़ियों से तंबू बनाकर अंतिम संस्कार किया। यह कोई पहला मामला नहीं है। हर बरसात में ग्रामीणों को इसी तरह तंबू के नीचे अंतिम संस्कार करना पड़ता है। ग्रामीण नारायण सिंह, प्रहलाद सिंह और सुमेर ने बताया कि शमशान घाट न होने से मृतकों को खेतों में ले जाना पड़ता है। उनका कहना है कि शमशान घाट बन जाने से यह समस्या हल हो सकती है। ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि मदन सिंह ने बताया कि परिसीमन के बाद नई ग्राम पंचायत बनी है। लालपुरा गांव में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के कारण शमशान घाट का निर्माण नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि शमशान घाट निर्माण की कार्यवाही प्रगति पर है।



## गांधी सागर बांध का जलस्तर 1308 फीट तक पहुंचा

गांधी सागर । गांधीसागर बांध से शनिवार दोपहर 3 बजे तीन गेट खोले गए। बांध से 58 हजार क्यूसेक लीटर पानी छोड़ा गया। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि बांध का जलस्तर 1308 फीट पहुंचने की वजह से यह फैसला लिया गया है। प्रशासन ने निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अलर्ट रहने की सलाह दी है। नागरिकों से नदी तट के आसपास के क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का अपील की है।

**लोगों से नदी किनारे न जाने की अपील**

गरोठ के एसडीएम राहुल चौहान ने बताया कि प्रशासन ने सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राजस्थान में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। आपदा प्रबंधन टीमें किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। प्रशासन ने नागरिकों से नदी किनारे न जाने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।

## कार से 1 क्विंटल 58 किलो डोडाचूरा मिला



मंदसौर। जिले की दलौदा पुलिस ने रविवार रात मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने भावगढ़-दलौदा रोड पर हुंडई क्रेटा कार से 1 क्विंटल 58 किलो डोडाचूरा जब्त किया। इसकी कीमत 6 लाख 32 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एलची कच्चे रास्ते पर कार्रवाई की। नागौर के चंद्रशेखर उर्फ शेखर विश्नोई और जोधपुर के बजरंग बिश्नोई को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 15 लाख की क्रेटा कार और पायलटिंग में इस्तेमाल की जा रही 4 लाख की हुंडई एक्सेंट कार भी जब्त की है। थाना प्रभारी मनोज गर्ग के अनुसार, मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मंदसौर के पटेला निवासी महेश पाटीदार और मुंबई के डोंबिवली कल्याण निवासी गणपत विश्नोई फरार हैं। एसपी विनोद कुमार मीना ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में डोडाचूरा मुंबई के डोंबिवली निवासी को देने जाना स्वीकार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस मादक पदार्थों के स्रोत का पता लगाने में जुटी है।

## मंदसौर एसपी ने गरोठ थाने में किया निरीक्षण

### हाईवे और बॉर्डर एरिया में अपराध रोकने की योजना; पुराने मामलों का जल्द निपटारा होगा

गरोठ। मंदसौर के नए एसपी विनोद कुमार मीणा ने रविवार शाम गरोठ थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने तीन घंटे तक थाना क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान रिकॉर्ड रूम की जांच की और अपराधों की जानकारी ली।

निरीक्षण में एएसपी हेमलता कुलीर, एसडीओपी विजय कुमार यादव और थाना प्रभारी हरीश मालवीय उपस्थित थे। एसपी ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के समाधान पर जोर दिया। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के निर्देश दिए। गरोठ थाना क्षेत्र नेशनल हाईवे और राजस्थान सीमा से जुड़ा है।




यहां विशेष प्रकार के अपराध होते हैं। एसपी ने इन अपराधों पर रोक के लिए सूचना संकलन और कार्रवाई की समीक्षा की। पुलिस लाइन मुख्यालय से थाने की दूरी अधिक है। त्योहारों के दौरान हेडक्वार्टर से अतिरिक्त बल भेजा गया था। आपातकालीन स्थितियों के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। एसपी ने कहा कि यह उनका पहला दौरा है। आगे भी औचक निरीक्षण होंगे। हाईवे और सीमावर्ती क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण के लिए विशेष योजना बनाई जाएगी।

## अब मेडिकल कॉलेजों में नॉन क्लीनिकल रेजिडेंट डॉक्टर भी होंगे, कैबिनेट में लाएंगे प्रस्ताव

भोपाल। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में अभी तक क्लीनिकल विषय जैसे मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी रोग, गायनी आदि में ही सीनियर रेजिडेंट (एसआर) डॉक्टर पदस्थ किए जाते थे, लेकिन अब नान क्लीनिकल विषयों के डाक्टरों को भी सीनियर रेजिडेंट पदस्थ किया जाएगा। इसमें एनाटामी, फिजियोलाजी, बायोकेमेस्ट्री, फार्मोकोलाजी जैसे विषय शामिल हैं। इसका लाभ रोगी और डॉक्टर दोनों को होगा। प्रदेश के सरकारी



मेडिकल कॉलेजों में सीनियर रेजिडेंट के 380 पद स्वीकृत करने के लिए शीघ्र ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा। अस्पतालों में ओपीडी, इमरजेंसी ड्यूटी सहित अन्य स्थानों पर नान क्लीनिकल सीनियर रेजिडेंट्स का उपयोग किया जा सकेगा। बता दें कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमएसी) ने नान क्लीनिकल विषयों में सीनियर रेजीडेंट्स बनाने के लिए कहा है। इनका संख्या निर्धारित सीटों में फैकल्टी के कुल पदों के निश्चित अनुपात में रहेगी। इस आधार पर प्रदेश में 380 पद होंगे, जिन्हें 19 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पदस्थ किया जाएगा। अभी निजी मेडिकल कॉलेज तो नान क्लीनिकल विषय में एसआर रख रहे हैं, पर सरकारी में नहीं हैं। नई व्यवस्था से नॉन क्लीनिकल विषयों में मेडिकल कॉलेजों के लिए फैकल्टी मिलना भी आसान हो जाएगा। अभी सरकारी कॉलेजों में इन विषयों में एमडी कर निकले डॉक्टर निजी कॉलेजों में एसआर बन जाते हैं। इसके बाद उन्हें उसी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक बनने का अवसर भी आसानी से मिल जाता है। बता दें कि सहायक प्राध्यापक बनने के लिए मेडिकल कॉलेजों में कम से कम तीन वर्ष एसआर रहना आवश्यक होता है। सरकार की तरफ से इन्हें निर्धारित मानदेय दिया जाता है।

# संपादकीय

## भारत को मोदी सरकार का दिवाली गिफ्ट

भारत में करों के जटिल जाल से लंबे समय तक जूझने के बाद, 2025 में जीएसटी दरों में कटौती और सरलीकरण, जिसे जीएसटी 2.0 कहा जा रहा है, देश की आर्थिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। 22 सितंबर, 2025 से लागू होने वाला यह ऐतिहासिक सुधार, 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में सभी राज्यों की सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ। इसमें कर स्लैब को घटाकर दो (5% और 18% , साथ ही सिन वस्तुओं के लिए 40% स्लैब) कर दिया गया, आवश्यक वस्तुओं को कर-मुक्त किया गया और अनुपालन को सरल बनाया गया। वैश्विक व्यापार में एकतरफा निर्णयों के कारण चुनौतियों के बावजूद, यह कदम जल्दबाजी में नहीं, बल्कि मोदी सरकार की गहन विचार-विमर्श और नियोजित रणनीति का परिणाम है। इसका उद्देश्य घरेलू खपत को बढ़ावा देना, विकास को गति देना और हर भारतीय को सशक्त बनाना है। 2017 में शुरू हुआ मूल जीएसटी ढांचा 17 केंद्रीय और 13 राज्य करों को एकल कर में समाहित कर एक एकीकृत राष्ट्रीय बाजार बनाता है। जीएसटी 2.0 अब लगभग 175 वस्तुओं-जैसे शैंपू, टूथपेस्ट, साइकिल, टीवी और छोटी कारों पर कर कम करता है, जबकि दूध, पनीर और रोटी को पूरी तरह कर-मुक्त करता है। यह विशेष रूप से किसान, नारी, नौजवान और आम आदमी (मध्यम वर्ग) के लिए वरदान है। आम आदमी के लिए, रोजमर्रा की वस्तुओं पर कर कटौती और 12त्न से 5% तक कर कम करने, साथ ही स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा और 33 जीवन रक्षक दवाओं (जैसे कैंसर की दवाएं) पर छूट से घरेलू खर्चों में भारी कमी आएगी। प्री-जीएसटी और पोस्ट-जीएसटी कर प्रभाव से पता चलता है कि वस्तुओं की लागत में औसतन 4 मासिक बचत हुई है। गेहूं, चावल, लस्सी, छाछ और केरोसिन लैंप पर कर 2.5-8त्न से घटकर 0-5त्न हो गए। 1000 रुपये तक के जूते, एलईडी और रसोई के सामान पर कर 10-28त्न से 5-12त्न हुआ। बालों का तेल, टूथपेस्ट, साबुन, सौंदर्य प्रसाधन, डिटर्जेंट, बाथ, सिंक और फर्नीचर पर कर 17-28त्न से 12-18त्न हुआ। टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और बिजली के उपकरणों पर कर 31.3% से 18% हुआ। मूवी टिकट (100 रुपये से ऊपर) और मोबाइल फोन पर कर 18-35त्न से 12-18% हुआ, जबकि मसाले और खाद्य तेल 5त्न हुए। खास बात यह है कि सैनिटरी पैड, जो पहले 12% कर के दायरे में थे, अब जीएसटी 2.0 के तहत कर-मुक्त हैं, जिससे ये अधिक सस्ते हो गए। दूध और पनीर जैसे आवश्यक सामान कर-मुक्त हैं। शिक्षा को सस्ता करने के लिए नोटबुक, पेंसिल और किताबों पर 0त्न जीएसटी है, जिससे परिवारों को हर साल हजारों रुपये की बचत होगी। कृषि, जो भारत की 45 कार्यशक्ति को रोजगार देती है, को भारी लाभ मिला है। उर्वरक, जैव-कीटनाशक, ट्रैक्टर और ड्रिप सिंचाई प्रणालियों पर जीएसटी 5त्न हुआ, जिससे उत्पादन लागत कम हुई और आय बढ़ी। ढीले अनाज जैसे चावल और गेहूं पर छूट से सामर्थ्य सुनिश्चित हुआ, जबकि हस्तशिल्प और कपड़ा पर कर कटौती से ग्रामीण रोजगार बढ़े। अनुपालन दक्षता बढ़ेगी। व्यापक अर्थव्यवस्था को जीएसटी 2.0 से लगभग 5.31 लाख करोड़ रुपये की खपत में उछाल (जीडीपी का 1.6) और आयकर राहत (12 लाख की छूट) से लाभ होगा, जो एफएमसीजी और ऑटो क्षेत्रों की मांग को बढ़ाएगा। कम मुद्रास्फीति और आरबीआई की दर कटौती से निवेश को और बढ़ावा मिलेगा, ।

# भारत ने चौथी बार हॉकी एशिया कप जीता

**भारत ने मेंस हॉकी एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को टीम इंडिया ने साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया। भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2026 के वर्ल्ड कप में भी जगह बना ली।**




भारत से फाइनल मैच के पहले ही मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दाग दिया था। दूसरे क्वार्टर में फिर दिलप्रीत सिंह ने गोल दागा और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में दिलप्रीत ने एक और गोल किया। चौथे क्वार्टर में अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा और भारत को 4-0 से आगे कर दिया। साउथ कोरिया से सोन डायन ने इकलौता गोल किया।

टीम इंडिया ने 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया को फाइनल हराकर चौथी बार टाइटल जीता। भारत ने 2017 में मलेशिया को फाइनल हराकर आखिरी बार एशिया कप जीता था। कोरिया दूसरी बार ही रनर-अप रही। टीम को 2007 में भी भारत ने ही फाइनल हराया था।

रात 9.16 बजे हॉकी एशिया कप का फाइनल खत्म हुआ और भारत ने 4-1 के अंतर से मैच जीत लिया। इस जीत के साथ भारत ने 2026 के हॉकी वर्ल्ड कप के लिए डायरेक्ट क्वालिफाई कर लिया। तीसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत से दिलप्रीत सिंह ने अपना दूसरा फील्ड गोल दाग दिया।

राजकुमार पाल ने उन्हें गोलपोस्ट के करीब पास दिया था, दिलप्रीत ने मौके को भुनाया और आसान सा गोल दाग दिया। इसी के साथ भारत 3-0 से आगे हो गया। टीम ने हर क्वार्टर में 1-1 गोल किया।

ट्रेवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन
मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान


डेयरी
संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।
साथ ही
आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V. , नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं
मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485


हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268

प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851
राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड

हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।

चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़

ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।

नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक

# महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने मंदसौर की शिक्षिका डॉ. गोधा को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया

मंदसौर। शिक्षक दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जिले की शिक्षिका डॉ. सुनीता गोधा जैन को महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया।

श्रीमती डॉ. गोधा वर्तमान में उच्च माध्यमिक शिक्षक, शासकीय हाई स्कूल खजूरिया सारंग में पदस्थ हैं। उन्होंने एम.ए., बी.एड., पीएचडी एवं एलएलबी की पढ़ाई की है। डॉ. सुनीता गोधा को उनके सेवाकाल में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में कार्य करते हुए विद्यालय में छात्राओं के नामांकन को बढ़ाने का सफल प्रयास किया। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से नवप्रवेशित एवं जरूरतमंद छात्राओं को स्वेटर, जूते, स्कूल बैग, फीस, वस्त्र,




खाद्य सामग्री, पोषक आहार और पुस्तकें उपलब्ध कराई।

उन्होंने गांव-गांव जाकर पालकों, भूतपूर्व छात्राओं, स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर स्थानीय बोली में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर शिक्षा की अलख जगाई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, स्वच्छता अभियान और कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम जैसे सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भागीदारी की। साथ ही गांधीसागर झील महोत्सव, शाला सिद्धि, करियर काउंसलिंग, अक्षय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण एवं डिजिटल इंडिया जैसे विषयों पर भी महत्वपूर्ण कार्य किए। इन सतत सेवाओं और योगदानों के कारण डॉ. गोधा को जिला स्तर पर कई बार सम्मानित किया जा चुका है और अब राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से अलंकृत किया गया है। श्रीमती डॉ गोधा जैन को मिले सम्मान पर जिले की विभिन्न संस्थाओं , संगठन, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य जनों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं













# एमपी में मंत्री-विधायकों ने 20 महीने में क्या काम किए, हिसाब लेंगे सीएम मोहन यादव, करेंगे वन-टू-वन मीटिंग

भोपाल। मध्य प्रदेश के मंत्री-विधायकों ने दिसंबर 2023 में सरकार बनने के बाद 20 महीने में क्या काम किए, इसका हिसाब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लेंगे। वह मंत्रियों के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे और विभागवार उनके कामकाज की समीक्षा करेंगे। इसी के आधार पर मंत्रियों के प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। मंत्रिमंडल के अगले विस्तार में इसी के आधार पर मंत्रियों का भविष्य भी तय होगा। डॉ. मोहन यादव द्वारा अक्टूबर में मंत्रियों के साथ बैठकों का दौर शुरू करने की तैयारी है।



## विधायकों का काम देखेंगे सीएम

इसमें मंत्रियों को विभागवार कामकाज की जानकारी प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया है। इसी तरह मुख्यमंत्री विधायकों का कामकाज भी देखेंगे। विधायकों को चार साल का रोडमैप बनाने के लिए कहा गया था। उन्होंने अपनी विधायक निधि का जनकल्याण में कितना उपयोग किया, इसकी रिपोर्ट भी तैयार की गई है। यह भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

## सीएम ने पहले भी तैयार कराई थी रिपोर्ट तैयार

बता दें, डा. मोहन यादव ने पहले भी मंत्रियों के कार्य प्रदर्शन की एक रिपोर्ट तैयार कराई थी, जो केंद्रीय नेतृत्व को भेजी गई। हाल ही में भोपाल में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष को भी यही रिपोर्ट दिखाई गई थी।

गांव में रात्रि विश्राम और चौपाल की जानकारी भी ली जाएगी मुख्यमंत्री मंत्रियों से यह भी पूछेंगे कि उन्होंने कितने गांवों में रात्रि विश्राम किया और चौपाल लगाई। प्रभार के जिलों में प्रति माह दौरा कर रहे हैं या नहीं। यह भी देखा जाएगा कि मंत्रियों का अपने प्रभार के जिलों में अधिकारियों के साथ तालमेल कैसा है।

पार्टी के दृष्टिकोण से यह भी देखा जाएगा कि संगठन के कामकाज में उनकी सहभागिता कैसी है। केंद्र से मिले अभियानों को सफल बनाने में कितने मंत्रियों का प्रदर्शन अच्छा रहा। इसके अलावा मंत्रियों से आमजन व पार्टी कार्यकर्ता की संतुष्टि के बारे में भी जानकारी लेकर इस पर चर्चा की जाएगी।

## मंत्रिमंडल विस्तार के भी संकेत

डा. मोहन यादव जिस तरह से मंत्रियों के कामकाज पर नजर बनाए हुए हैं, उससे मंत्रिमंडल विस्तार के संकेत मिल रहे हैं। मंत्रिमंडल विस्तार होता है तो क्षेत्रीय संतुलन साधने के हिसाब कुछ पूर्व मंत्रियों को फिर मौका दिया जा सकता है। बता दें, रामनिवास रावत के चुनाव हारने और इस्तीफे के बाद मुख्यमंत्री सहित 31 मंत्री हैं। नियमानुसार 35 मंत्री हो सकते हैं।

# उज्जैन में शिप्रा नदी में गिरी कार, उन्हेल टीआई और एसआई के शव मिले; महिला आरक्षक की तलाश जारी

उज्जैन। उज्जैन में शिप्रा के बड़े पुल से शनिवार रात 9. 30 बजे एक कार नीचे नदी में गिर गई थी। कार में उन्हेल टीआई अशोक शर्मा, एसआई मदनलाल निनामा और एक महिला आरक्षक आरती पाल बैठे थे। 11 घंटे चले रेस्क्यू के बाद टीआई शर्मा का शव मंगलनाथ क्षेत्र से मिला है। वहीं भैरवगढ़ क्षेत्र में एसआई निनामा का शव मिला है। महिला आरक्षक की तलाश जारी है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि ग्राम गुराड़िया सांग से एक महिला लापता हुई थी। इसकी तलाश में उन्हेल टीआई अशोक शर्मा, एसआई निनामा और महिला आरक्षक चिंतामण क्षेत्र की ओर जा रहे थे। इस दौरान शिप्रा नदी का बड़ा पुल पार करते समय कार नीचे गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। शिप्रा के बढ़े हुए जलस्तर, तेज बहाव और मटमैले पानी के कारण रेस्क्यू में परेशानी हुई।

## सुबह पता लगा कार में पुलिसकर्मी थे

लगातार सर्चिंग अभियान के बीच रविवार सुबह उन्हेल टीआई और दो अन्य पुलिसकर्मियों के मोबाइल बंद मिले। इनकी आखिरी लोकेशन घटनास्थल के पास पाई गई। इस बीच मंगलनाथ के समीप शिप्रा नदी में पुलिस यूनिफार्म में एक शव मिला। शव उन्हेल टीआइ अशोक शर्मा का है। इसके बाद एसआई का शव मिला।

## सर्चिंग में दो ड्रोन भी लगाए गए हैं

देर रात कार नदी में गिरने की सूचना मिलने पर महाकाल टीआई गगन बादल व होमगार्ड के जवान मौके पर पहुंच गए थे। रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है। सर्चिंग के लिए दो ड्रोन भी लगाए गए हैं।

टीआई बादल ने बताया कि शनिवार रात को बड़नगर रोड पर शिप्रा नदी पर बने बड़े पुल से एक कार गिरने की सूचना मिली थी। कार सवार लोग चक्रतीर्थ की ओर से कार्तिक मेला मैदान तरफ जाते समय पुल पर रैलिंग नहीं लगी होने के कारण कार सीधे नदी में गिर गई।

जिले व आसपास के क्षेत्रों में कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। पुलिस का कहना है कि गोताखोरों की मदद से कार निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## एक दिन पहले ही पुल पर निरीक्षण करने पहुंचे थे एसपी

शुक्रवार रात को ही पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा बड़े पुल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहने के निर्देश दिए थे। जिससे किसी भी आपात स्थिति में आमजन को तत्काल सहायता उपलब्ध हो सके। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के पास प्राथमिक उपचार किट एवं लाइफ जैकेट भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे। पुलिस टीम द्वारा नियमित पेट्रोलिंग करते हुए स्थिति पर सतत निगरानी रखने को भी कहा था। वहीं आवश्यक बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए थे। इसके अतिरिक्त, वर्षा एवं बाढ़ जैसी परिस्थितियों में रेस्क्यू कार्यवाही के लिए पुलिसकर्मियों को रस्सी, टार्च एवं वायरलेस सेट उपलब्ध कराने को कहा था।



समस्या अनेक समाधान एक
अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर
ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD
आपके लिए लाया है
GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation
की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...
ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.
पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001
Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304
17 वर्षो से आपकी सेवा में
THE MONEY MAKER
INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES
NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized
हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑप्शन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।
संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306